<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 20.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

1. **झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में तीसरे दिन प्रवासी मजदूरों का उठा मुद्दा, पंजीकरण और सुविधाओं को लेकर झारखंड प्रवासी श्रमिक आयोग के गठन की उठी मांग।**
2. **मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर झारखंड की सियासत गरमाई, सत्ता पक्ष ने कहा वोट काटने की साजिश, तो विपक्ष ने मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए बताया आवश्यक कदम।**
3. **राज्यपाल ने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत झारखंड संस्कृति संवर्ग नियमावली–2025 को दी स्वीकृति, अधिसूचना जारी।**
4. **नगरपालिका चुनाव के मतदान दिवस 23 फरवरी को झारखंड में दुकान एवं प्रतिष्ठान कर्मियों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश, श्रम विभाग ने जारी किया निर्देश।**
5. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा – अंगदान मानवता का महादान, सरकार, राज्य में अंगदान नीति को और सुदृढ़ बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी।**

****

विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के तीसरे दिन प्रवासी मजदूरों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। विधायक जयराम महतो ने इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। जयराम महतो ने कहा कि राज्य में 16 लाख से अधिक प्रवासी मजदूर हैं, लेकिन इनमें से केवल एक लाख 91 हजार ही पंजीकृत हैं।

इस पर विभागीय मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण की दिशा में कार्य जारी है और सरकार इस विषय को लेकर गंभीर है।

****

भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घोषणापत्र महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर के उत्पादन तथा तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है।

****

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड सहित 22 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–**एसआईआर** की प्रक्रिया अप्रैल 2026 से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस मुद्दे पर राज्य की राजनीति गरमा गई है। सत्ता पक्ष ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है। जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय ने इसे साजिश और वोट काटने की कोशिश करार दिया है।
वहीं विपक्ष ने एसआईआर का समर्थन किया है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इसे मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए आवश्यक कदम बताया है।

****

हजारीबाग जिले में कल शाम पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी को पुलिस ने हिरासत में लिया था। जानकारी के अनुसार, दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए थाने ले जाया गया था। पूछताछ और कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद औपचारिक प्रक्रिया समाप्त होने पर उन्हें छोड़ दिया गया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत झारखंड संस्कृति संवर्ग नियमावली–2025 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। पर्यटन विभाग की ओर से इस संबंध में गजट अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। नई नियमावली के तहत अराजपत्रित सेवा के अंतर्गत पुरातत्व शाखा में

वरीय तकनीकी सहायक, अन्वेषण एवं उत्खनन पदाधिकारी, अभिलेख पदाधिकारी, उप निदेशक (पुरातत्व) तथा क्षेत्रीय उपनिदेशक के पद सृजित किए गए हैं। इनमें वरीय तकनीकी सहायक मूल कोटि का पद होगा।

****

नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत 23 फरवरी को झारखंड दुकान एवं प्रतिष्ठान में कार्यरत कामगारों को सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि झारखंड दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह अवकाश लागू रहेगा।

****

गिरिडीह जिले में हो रहे नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के मद्देनज़र मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज स्वीप कार्यक्रम के तहत गुमला जिला प्रशासन ने **"रन फॉर वोट"** का आयोजन किया। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल की नन्ही आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान को मानवता की अमिट मिसाल बताया है। उन्होंने कहा कि संतान को खोने के असहनीय दुःख के बीच उसके अंगदान का निर्णय माता–पिता के अद्भुत साहस, त्याग और करुणा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान दूसरों को जीवन देने का महादान है और झारखंड सरकार राज्य में अंगदान नीति को और सुदृढ़ बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी।

****

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधे प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखी गई। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 473 अंक चढ़कर 82,971 पर और निफ्टी 154 अंक बढ़कर 25,608 पर पहुंच गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 44 हजार 100 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 58 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

रांची समेत झारखंड में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम में बदलाव हो सकता है। राज्य में अब हवा के रूख में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिमी की जगह आंशिक तौर पर नम हवाओं का आगमन शुरू हो चुका है। इससे अगले पांच दिनों के दौरान हल्के बादल छा सकते हैं।

****